संक्षिप्त

पवन अग्रवाल सदस्य मनोनीत

पवन अग्रवाल

खैरथल, (निसं)। खैरथल कृषि उपज मंडी यार्ड के प्रमुख व्यापारी पवन अग्रवाल को राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है। राजस्थान व्यापार संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने उन्हें प्रेषित मनोनयन पत्र में कहा कि वे वर्ष 2024-25 वर्ष 2025-26 दो वर्ष मान्य रहेगा।

हजारी लाल आबकारी निरीक्षक

हजारी लाल

श्रीमाधोपुर, (निसं)। आबकारी विभाग ने शुक्रवार देर रात को आबकारी निरीक्षक प्रशिक्षण पूर्ण किए जाने वाले अधिकारियों की सूची जारी की है। इसमें श्रीमाधोपुर आबकारी निरीक्षक के रिक्त पद पर हजारी लाल मीणा को लगाया गया है। मीणा इससे पहले समाज कल्याण अधिकारी जयपुर में पदस्थापित थे। आबकारी निरीक्षक हजारी लाल मीणा सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे।

गौरीशंकर सैनी अध्यक्ष बने

गौरीशंकर सैनी

फुलेरा, (निसं)। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ताराचन्द गहलोत के निर्देशानुसार समाज एवं संगठन के प्रति फुलेरा निवासी समाजसेवी गौरीशंकर सैनी की कर्तव्यनिष्ठता और लगन को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश महामंत्री भवानी शंकर माली ने पूर्व पार्षद गौरीशंकर सैनी को फुलेरा तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति दी है। तहसील अध्यक्ष पद की नियुक्ति पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा और फुलेरा तहसील के माली समाज के प्रबुद्धजन गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

संतोश शर्मा को दी सेवानिवृति पर विदाई

दूदू, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर में कार्यरत प्रधानाध्यापिका संतोष शर्मा की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित किया जाकर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा शर्मा को उपहार देकर उनके भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया गया। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसोली के प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा सहित नजदीकी स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर 111 यूनिट रक्त संग्रह

खैरथल, (निसं)। भामाशाह डाक्टर अमरनाथ गुप्ता की चतुर्थ पुण्यतिथि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अलवर ब्लड बैंक द्वारा 111 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। गुप्ता नर्सिंग होम में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी मनीष कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर शिविर आयोजक डॉ शैलेन्द्र गुप्ता व डॉ गिरीश गुप्ता, समाजसेवी फतेह मोहम्मद, किसान नेता टिल्लू शर्मा, एडवोकेट महेंद्र पाल सिंह टिंकू, मुखी वासदेव दासवानी, पार्षद नारायण छांगणी, हेमराज मूलानी (जाजन), नारी नरवानी, डॉ अनुराग कौशिक, कमल जोशी, श्रवण खंडेलवाल, जसवंत सिंह अमन आदि मौजूद रहा।

कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया

टोंक, (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने जिला कलेक्टर टोंक को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया कि जिला मुख्यालय स्थित सआदत चिकित्सालय टोंक के मोर्चरी कक्ष के बाहर टीन शेड की व्यवस्था व पेयजल की व्यवस्था की जायें। गौरतलब है कि मौर्चरी भवन के बाहर टीन शेड एवं पेयजल की व्यवस्था को लेकर पूर्व में भीम सेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा इस आशय का पत्र टोंक विधायक सचिन पायलट को प्रेषित किया था।

रात्रि चौपाल में बिजली-पानी-सड़क की परेशानी सामने आई

अलवर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता ने शुक्रवार की रात गोविन्दगढ उपखण्ड की ग्राम पंचायत चिडवई में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवेदनाओ का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाए।

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्राम चिडवई सहित आसपास के क्षेत्र से आये ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, पुलिस, स्वास्थ, रसद, आंगनबाडी सेवाओं, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, मनरेगा सहित अन्य विभागों की सेवाओं का फीडबैक लिया। जनसुनवाई आने वाली परिवेदनाओं को जिला कलक्टर ने सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवेदनाओं के निराकरण कि सूचना परिवादी को दी जाये तथा इसकी रिपोर्ट भिजवाये। जनसुनवाई में ग्राम चिडवई व आसपास के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के समक्ष अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की जिनमें से चिडवई में पेयजल समस्या का समाधान कराने की परिवेदना प्रस्तुत की जिस पर जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को पेयजल के निराकरण के संबंध में निर्देश दिये। इसी प्रकार ग्राम चिडवई व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत कटौती व कम पावर में विद्युत आने की परिवेदना दी जिस पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को विद्युत कटौती व पावर सप्लाई सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर आशीष गुप्ता ने ग्राम चिडवई में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन की परिवेदनाएं सुनी तथा अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

- पेयजल, विद्युत, पुलिस, स्वास्थ, रसद, आंगनबाड़ी सेवाओं, सामाजिक न्याय-अधिकारिता, मनरेगा सहित अन्य विभागों की सेवाओं का फीडबैक लिया

इसी प्रकार क्षेत्र में बरसात के कारण सडकों के खराब होने की परिवेदना पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त सडकें यदि गारंटी पिरियड में है तो संबंधित ठेकेदार को निर्देशित कर दुरूस्त करावे। उन्होंने अतिक्रमण की परिवेदना पर उपखण्ड अधिकारी को अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गोविन्दगढ एवं प्रशिक्षु आईएएस सुश्री सोनू कुमारी सहित संबंधित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

फोगिंग करवाने की मांग

पावटा, (निसं)। ग्राम पंचायत बुचारा वन क्षेत्र के बीच होने के कारण बरसात के मौसम आते ही क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ गया है। इस कारण बुचारा में डेगुं बुखार व प्लेटलेट्स डाउन आदि बीमारियों के कारण घर घर में मरीज है। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश महरडा, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, प्रेमचन्द, बोधू मीणा सहित ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में नालियों की सफाई नहीं होने से बरसात से जगह-जगह रास्तों में पानी भर जाने से कीडे व मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना हैं कि मच्छरों को मारने के लिए कीटनाशक छिडकाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग व स्थानिय प्रशासन ने आंखें बंद कर रखी है। इतना ही नहीं फोगिंग, दवा छिडाकव की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए गांव में फोगिंग मशीन के जरिए कीटनाशक दवाओं का छिडकाव कराया जाए। इसके अलावा जल निकास के प्रबंध कराए जाएं।

दौसा-कुंडल मार्ग पर भेडोली रास्ते की समस्या का हुआ समाधान

दौसा, (निसं)। दौसा के पूर्व विधायक शंकर शर्मा के अथक प्रयासों से दौसा से कुंडल मार्ग पर स्थित ग्राम भेडोली में यातायात जाम को लेकर वर्षों से चली आ रही समस्या का शनिवार को समाधान हो गया। भारी वाहनों के निकलने के लिए वैकल्पिक मार्ग का कार्य शुरु हो गया है।

उल्लेखनीय है कि दौसा से कुण्डल मार्ग पर स्थित भेडोली ग्राम में मार्ग सकरे होने के कारण बडे वाहनों के आवाजाही में भारी असुविधा का सामना करना पड रहा। भारी वाहनों के आमने सामने हो जाने पर घंटों यातायात जाम रहता था। स्थानीय ग्रामीण इस मार्ग को चौडा करने तथा वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग कर रहे थे। शनिवार को दौसा के पूर्व विधायक शंकर शर्मा ग्राम भेडोली पहुंचे तथा ग्रामीणों से लम्बी चर्चा के बाद वैकल्पिक मार्ग निकालने पर सहमति बन गई। पूर्व विधायक के प्रयासो से कालूराम शर्मा, बुद्धालाल शर्मा, कमलेश शर्मा, कजोडमल शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, नाथूलाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा ने अपनी जमीन व सम्पत्ति को सडक के लिए नि:शुल्क हटाकर सडक मार्ग हेतु स्वेच्छा से देने की सहमति दी। इस पर शंकर शर्मा पूर्व विधायक दौसा ने तत्काल विभागीय अधिकारियों से बात कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कार्यवाही के अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा सडक निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस अवसर ओर ग्रामवासियों ने शंकर शर्मा का स्वागत कर आभार जताया। इस पर शंकर शर्मा पूर्व विधायक ने कहा कि दौसा विधानसभा क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तैयार है। प्राथमिकता से भाजपा सरकार में क्षेत्र के विकास कार्य कराए जा रहे है और विधानसभा क्षेत्र दौसा विकास की इस धारा में पीछे नही रहेगा।

ग्रामवासियों ने शंकर शर्मा का स्वागत कर आभार जताया।

- पूर्व विधायक शंकर शर्मा के प्रयास रंग लाये

बीडीएम अस्पताल में नवनिर्मित प्रतिक्षालय भवन का लोकार्पण

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में नवनिर्मित प्रतिक्षालय भवन का लोकार्पण शनिवार को विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर किया। उल्लेखनीय है कि अस्पताल परिसर में राज्य सरकार द्वारा मरीजों व उनके परिजनों हेतु प्रतिक्षालय का निर्माण करवाया गया है।

इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि राजकीय जिला अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों के लिये सुविधाओं व संसाधनों के विस्तार के लिये निरन्तर प्रयासरत है। अस्पताल में एमआरआई मशीन, सीटी स्कैन जैसी अन्य सुविधायें जल्द ही उपलब्ध होगी। ताकि गंभीरावस्था के मरीजों को जयपुर रैफर करने की मुसीबत नहीं आये। इस मौके पर केशवाना स्थित बीएसबीके इंजीनियरिंग प्रा.लि.कम्पनी के शलैन्द्र कटीयार व एच आर हैड रमेश कुमार द्वारा विधायक पटेल को राजकीय अस्पताल हेतु एम्बुलेंस भेंट की गई। जिसे पटेल के कर कमलों द्वारा अस्पताल प्रशासन को सम्भलवाया गया। इससे पूर्व विधायक पटेल व अन्य अतिथियों का पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बृजेश चौधरी, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, करण पटेल, भाजयुमो जिला संयोजक कमल कसाना, राजेन्द्र रावत, हेमन्त राठौड, राजवीर यादव, नाहरसिंह रावत व नर्सिंग अधीक्षक मक्खन लाल वर्मा सहित स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

स्वयं सहायता समूह बनाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

फुलेरा, (निसं)। क्षेत्र में ठगी के मामले में कार्यवाही करते हुए रूपनगढ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

रूपनगढ थानाधिकारी भंवर सिंह राव ने बताया कि गत 13 मई को थाने पर परिवादी तेजाराम कुमावत निवासी रूपनगढ ने मामला दर्ज करवाया कि आरोपी ओमप्रकाश नागा द्वारा आर्थिक सहयोग करने के नाम पर एक स्वयं सहायता समूह बनाकर प्रतिमाह किश्त से एक बडी राशि देने का झांसा देकर करीब 4 लाख 49 हजार 150 रूपये धोखाधडी पूर्वक ठगी कर ले गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा, वृताधिकारी सत्यनारायण यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी भंवर सिंह राव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए मामले में वांछित आरोपी ओमप्रकाश पुत्र सूरजाराम जाति कुमावत उम्र 32 वर्ष निवासी कालवाड रोड ढाणी नागान जोबनेर थाना क्षेत्र जोबनेर जिला जयपुर को डिटेन करते हुए अनुसंधान व गहन पूछताछ के बाद उक्त मामले में 24 अगस्त को गिरफ्तार किया जाकर बाद अनुसंधान न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया जा चुका है।

विधायक को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली, (निसं)। जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा शनिवार को विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपकर अल्ट्राटेक प्लांट द्वारा सार्वजनिक सडक में जबरन खाई खोदकर आवागमन बाधित किये जाने के मामले से अवगत करवाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि अल्ट्राटेक प्लांट ने कांसली चौलाई सार्वजनिक सडक में जबरन खाई खोद आवागमन बाधित कर दिया तथा आमजन को परेशानी में डाल दिया। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया तो उल्टा ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज करा दिया जबकि ग्रामीण सुबह से ही थाना सरूण्ड में उपस्थित होकर प्लांट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाते रहे लेकिन थाना प्रभारी इमरान खान ने एक भी नहीं सुनी। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की एवं मुकदमा दर्ज कराने के लिए विधायक पटेल से मिले। उन्होंने पूरे मामले को गम्भीरता से सुनकर सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया।

अंतिम दिन रोचक खेलों का आयोजन

खैरथल, (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना और खेल समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे खेल सप्ताह के अंतिम दिन विभिन्न खेलों लेमन रेस, ट्रिपल-लेग रेस, रिवर ऑफ फायर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. नीतू जेवरिया ने बताया कि खेलों में लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर खेल प्रभारी सरस्वती मीणा ने बताया कि महिला वर्ग में लेमन रेस में आरती प्रथम, अंशु द्वितीय, शिवानी तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में सचिन प्रथम, इंद्रजीत द्वितीय, वीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। ट्रिपल-लेग रेस में महिला वर्ग में शिवानी-तनु प्रथम, स्नेहा-चारवी द्वितीय, यश्मी-मुस्कान तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में अजीत-नकुल प्रथम, सुंदर-अमन द्वितीय स्थान पर रहे। रिवर ऑफ फायर खेल में महिला वर्ग में आरती प्रथम, तनु द्वितीय, नीरू तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में सचिन प्रथम ,आशीष द्वितीय, डालचंद तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विवेक, मुस्कान, पवन, रजनदीप कौर, जानवी, बबलू, मेघा, कोमल, अंजली, प्रशांत सैनी, पंकज, नेहा आदि ने खेल व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों के बारे में बताया। डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने युवाओं को खेल के प्रति जागरूक रहने , आधुनिकीकरण में अपने आप को स्वास्थ्य रहने के लिए खेल खेलने हेतु प्रेरित किया।

खवासपुरा के लोगों ने किया राजाराम गुर्जर का स्वागत

टोंक/निवाई। देवली-उनियारा विधानसभा के दूनी उपखंड के ग्राम खवासपुरा में स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर शनिवार को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व नगर परिषद् सभापति राजाराम गुर्जर रहे। कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों ने गाजे-बाजे के साथ राजाराम गुर्जर का स्वागत किया। लोगों ने जे.सी.बी. मशीनों से उन पर पुष्प वर्षा की। मंदिर कमेटी और श्रद्धालुओं ने साफा-माला पहनाकर राजाराम गुर्जर का स्वागत एवं आभार जताया।

- श्री देवनारायण मंदिर पर हुआ धार्मिक कार्यक्रम

समारोह के मुख्य अतिथि राजाराम गुर्जर ने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया और उनके परिजनों को भी शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने भरोसा भरोसा दिलाया कि शिक्षा के लिए मैं हर संभव मदद का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में जयपुर ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन शंकर शर्मा, पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, रामावतार गुर्जर, पप्पू ठेकेदार, खेमराज, शोभाराम देवीलाल सरपंच, प्रहलाद पटेल जूनिया, भंवरलाल धाकड़, महावीर मीणा, बाबूलाल जांगिड़ पूर्व चेयरमैन कृषि मंडी दूनी शामिल हुए।

कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों ने गाजे-बाजे के साथ राजाराम गुर्जर का स्वागत किया।

बांडी नदी के तेज बहाव से रोड टूटा

निवाई, (निसं)। गांव राहोली में बांडी नदी के तेज बहाव के कारण डाबिच जाने वाली सडक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे ग्रामीणों व विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। हनुमान सिंह, दशरथ सैनी, रामप्रसाद चौधरी, मुकेश सैनी, छोटूलाल सैनी व सुरेशकुमार चौधरी ने बताया कि बांडी नदी के तेज बहाव के कारण रोड 500 मीटर तक पूरी तरह टूट चुकी है। जगह-जगह दो-तीन फीट के गहरे गड्ढे हो गए हैं जिससे विद्यार्थियों को चार-पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर राहोली स्कूल में आना पड रहा है। गांव तुम्बीपुरा, सरस्वतीपुरा, हरियाली ढाणी, रेहडा ढाणी, ठुकराणो की ढाणी व नोन्दपुरा सहित कई गांवों के लोगों का इसी रोड से आगमन होता है। रोड के टूट जाने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड रही है। ग्रामीणों ने इस रोड के बारे में विधायक रामसहाय वर्मा को भी अवगत करवा दिया गया। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

सार-समाचार

राजकीय महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन

टोंक, (निसं)। प्रथम राज बटालियन एन.सी.सी जयपुर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय टोंक में खेल दिवस का आयोजन 31 अगस्त को किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट व अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एनसीसी अधिकारी मोहम्मद बाकिर हुसैन ने बताया खेल दिवस ध्यानचंद जयंती को उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं के बीच खेलों और स्वस्थ जीवन शैली को बढावा देना है। महाविद्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत कार्यवाहक प्राचार्य यासमीन फातिमा व प्रो प्रमोद कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता डॉ कन्हैया चांवला व मनीषा मीणा के निर्देशन में आयोजित कि गई जिसमें कैडेट अशोक चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा वर्ग में प्रियांशी विजेता रही। लेमन रेस का आयोजन प्रभारी डॉ नीतू चौधरी व अनीता मीणा ने कराया जिसमे छात्र वर्ग में बलवीर मीणा व छात्रा वर्ग में माया गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टग ऑफ वॉर खेल प्रभारी चंद्रशेखर मीना व मोहम्मद बाकिर हुसैन ने विद्यार्थियों के मध्य रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमें छात्र व छात्राओं ने जोश और ताकत का प्रदर्शन किया इसमें छात्र वर्ग में कैडेट नरेंद्र चौधरी दल व छात्रा वर्ग में कैडेट माया गुर्जर दल विजय रहे।

कलशयात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर के पंचावाली फाटक के पास स्थित टीडी नाथ आश्रम पर होने वाली श्रीमद्भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। महंत बालकगिरी महाराज ने बताया कि प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी महाराज के पाटोत्सव पर हो रही कथा में पहले दिन जोहडाधाम आश्रम महरौली के संत कथावाचक राममूर्ति दास महाराज ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा सुनाई। कथा रोजाना दोपहर सवा 2 से होगी। कथा को लेकर आश्रम से बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा रवाना होकर पंचाली फाटक, जीण माता चौराहा, स्टेशन रोड, अस्पताल चौराहा, रींगस बाजार, चौपड़ बाजार, सुराणी बाजार, अंबेडकर पार्क होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में सरस्वती माता, भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। आचार्य देवेंद्र भारद्वाज ने बताया कि कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं ने नृत्य करते हुए सर पर कलश रखकर निकली कलश यात्रा। महाराज ने बताया कि सालासर सत्संग मंडल द्वारा 6 सितंबर शुक्रवार शाम 8 बजे रात्रि जागरण किया जाएगा, 7 सितंबर गणेश अभिषेक व शनिवार को ही पूर्णावती , कथा का समापन शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर आश्रम से जुड़े भक्तगण मौजूद थे। इसी मौके पर नित्य शिव अर्चना व अभिषेक कर रहे है ।वहीं सरस्वती गार्डन में हलवाई परिवार द्वारा करवाई जा रही कथा में कथावाचक पवनदेव महाराज ने सुखदेव आगमन, ध्रुव चरित्र व अजामिल व भक्त प्रहलाद की कथा के प्रसंग सुनाया।

रूणीचा धाम यात्रा के लिए जत्था रवाना

शाहपुरा, (निसं)। बिदारा गांव के बुनकर मोहल्ले में स्थित प्राचीन रामदेवजी मंदिर से शनिवार को बाबा रामदेवजी महाराज यात्रा संघ के तत्वावधान में 21 यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। ग्रामीणों और परिजनों ने यात्रियों पर पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर बाबा की ध्वजा देकर यात्रा को रवाना किया। रामदेव महाराज की आरती कर कार्यक्रम की शुरूआत की। महिलाओं ने रामदेव बाबा के गीत गाते हुए नृत्य किया। यात्रा संयोजक प्रभुदयाल ब्रजवाल, मुलचंद बुनकर,सूरजमल बुनकर,प्रभुदयाल बुनकर, रोहिताश ब्रजवाल ने बताया कि 21 यात्रियों का जत्था जयकारों के साथ पूरे गांव में जुलूस निकालकर रूणिचा धाम की यात्रा के लिए रवाना किया। रामदेवजी मंदिर के पुजारी फूलचंद बुनकर, सुवालाल ब्रजवाल, डॉ.पूरणमल बुनकर, सचिन ब्रजवाल ने बताया कि श्रद्धालु बस द्वारा विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन व भ्रमण कर लौटेंगे। यात्री रविवार को रामदेवरा पहुंचकर क्षेत्र की समृद्धि व खुशहाली की कामना करेंगे। इस दौरान साधुराम वर्मा, अशोक कुमार, विष्णु, पार्वती देवी, मूर्ति देवी, चंद्रावती, छाया ब्रजवाल, उर्मिला देवी, मनीषा, सावित्री देवी आदि श्रध्दालु शामिल रहे।

गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ

श्रीमाधोपुर, (निसं)। मंदिर श्री गोपाल जी कुंड वाला (गणेश जी) खंडेला रोड श्रीमाधोपुर में श्री गणेश महाराज का महाअभिषेक के साथ गणेश जन्मोत्सव के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ शनिवार को किया गया। मंदिर के मंत्री महावीर ठठेरा ने बताया कि श्री गणेश जी महाराज का दुग्ध, दधि, शहद, घृत,शर्करा, पंचगव्य, पंचामृत एवं अनेक फलों के रसों से, अनेक औषधीयो एवं गंगाजल से अभिषेक करवा कर सिंदूरी चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण करवाई गई एवं मोदक का भोग लगाकर ध्वज पूजन के साथ गणेश जन्मोत्सव की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में सुरेश सैनी, जितेंद्र सिंह, शंकर, विष्णु, सूरज, अक्षय, बलराम, ललित, राहुल, राहुल धोबी, चंद्र प्रकाश, मनोज, प्रिंस, पिंटू, दीपांशु, रोहित, कान्हा जांगिड़, मोहित, रामजीलाल, भागीरथ, चिरंजीलाल ठठेरा, विजय, अरविंद, नरेश पंजाबी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी महावीर ठठेरा मंत्री मंदिर श्री गोपाल जी कुंड वाला ट्रस्ट ठठेरा समाज श्रीमाधोपुर के द्वारा दी गई।

याकूब खान सचिव नियुक्त

अलवर, (निसं)। अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने याकूब खान को जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार जिला संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ करने के लिए चांदोली निवासी याकूब खान को जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव मनोनीत किया है और उन्हें निर्देश दिया है कि वह कांग्रेस के रीति नीति एवं सिद्धांतों में पूर्ण आस्था रखते हुए जिला स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, उमरैण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जफरु खान, रियासत सरपंच मौजूद रहे।

पालिका बोर्ड की बैठक महज 30 मिनट में ही संपन्न

सांभरझील, (निसं)। नगर पालिका की साधारण सभा की मीटिंग शुरू होने के महज 30 मिनट में ही सुलट गई। बताया जा रहा है कि विगत दो दशकों में यह पहला ऐसा अवसर है। बोर्ड की मीटिंग में एजेंडे में जो प्रमुख मुद्दे शामिल किए गए थे उन्हें प्रमुख रूप से कनिष्ठ लिपिक व सफाई कर्मचारी की पदोन्नती के संबंध में चर्चा, नगरीय क्षेत्र में उप जिला चिकित्सालय हेतु भूमि उपलब्धता का चयन एवं अनुमोदन, आवंटन की स्वीकृति, पानी की टंकी हेतु भूमि का चिन्हीकरण व एन.ओ.सी. जारी करने के मामले थे। इनमें से किसी मुद्दे का अंतिम हल नहीं हो सका। उप जिला अस्पताल को भूमि आवंटन किए जाने के लिए पांच पार्षदों की कमेटी बनाकर सदन ने टोपी दूसरों पर ट्रांसफर कर दी। भूमि नगर पालिका को आवंटन की जानी है, जबकि सदन ने कमेटी बनाकर जिम्मेदारी सौंप दी की जमीन ढूंढ कर बताए की कहां पर आवंटन की जाए अथवा उपयुक्त स्थल सुझाया जाए। किन-किन कर्मचारियों को पदोन्नित देनी है इसकी सूची नगर पालिका ने सदन में नहीं रखी तो पता नहीं चल सका कि किसको प्रमोशन देना है। बताया जा रहा है कि पदोन्नित की प्रक्रिया विभागीय नियम के तहत होती है तो जो प्रक्रिया में आएंगे उनको तो अपने आप ही प्रमोशन मिलना चाहिए। फिलहाल तो दोनों ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर जमीन आवंटन का मामला तो अभी अधरझूल में ही है। बताया जा रहा है कि बोर्ड की मीटिंग जो निर्धारित समय अवधि व मापदंड के अनुसार होनी चाहिए उन नियमों की कोई अनुपालना नहीं की जा रही है।

पोस्टर का हुआ विमोचन

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। कस्बे के ग्राम पंचायत प्रांगण में स्थित श्री विघ्नहर्ता गणेश मन्दिर में शनिवार 7 सितम्बर को होने वाले संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ व 56 भोग झांकी के कार्यक्रम के पोस्टर का ग्रामीणों ने विमोचन किया। वही श्री पंचमुखी सुन्दरकाण्ड मण्डल का भव्य सम्मान सत्कार भी किया जायेगा। इस दौरान ग्रामीण जन उपस्थित थे।